nandgaon times may-27-3.qxd 5/26/2025 11:58 PM Page 1

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत... पृष्ठ 2 | डोंगरगढ़ शहर का मास्टर प्लान... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 27 मई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 217, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## देश के सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर अब बनेंगे रायपुर में

### 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव, छत्तीसगढ़ से होगा अब पूरे देश को ट्रांसफार्मर सप्लाई



**रायपुर।** विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ एक और बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। देश की प्रतिष्ठित कंपनी करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने रायपुर में अत्याधुनिक ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस इकाई में 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम देश के सबसे बड़े ट्रांसफॉर्मर निर्माण केंद्रों में शामिल हो जाएगा।

इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विवेक जैन ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सदन, नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक में प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा, निवेश संभावनाएं और रोजगार सृजन के आयामों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री जैन ने बताया कि यह यूनिट तकनीकी दृष्टि से देश की सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई होगी, जो भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र की ज़रूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवेश प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, च्हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़, विकसित भारत 2047 के निर्माण में एक मजबूत स्तंभ बने। यह निवेश सिर्फ एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। राज्य सरकार इस परियोजना को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।यह परियोजना राज्य में बिजली क्षेत्र के आधुनिकीकरण, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, और उद्योग आधारित विकास को गति देगी। विशेष रूप से यह पहल च्मेक इन छत्तीसगढ़ज्ज् के नारे को मजबूती देती है, जहां अब अत्याधुनिक तकनीक से बने ट्रांसफॉर्मर पूरे देश को रोशन करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी ।

## सुरसुली में तीन दिवसीय नि:शुल्क शिविर जारी

### महिलाओं के आत्मरक्षा के लिए लगाया जा रहा है

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संकल्प जन सेवा समिति देवरी एवं जीवनदान सेवा संस्था भिलाई के संयुक्त तत्वाधान मे महिलाओ की आत्म



रक्षा के लिए तीन दिवसीय नि:शुल्क शिविर का आयोजन नर्मदाधाम सुरसुली मैदान मे रखा गया। है। संकल्प जन सेवा समिति के संचालक भरत देवांगन ने बताया शिविर मे 10 वर्ष से अधिक उम्र की छात्रा शिविर मे शामिल हो सकते है। शिविर का ड्रेस कोड पीला एवं हरा रंग का टी शर्ट होगा। शिविर 26, 27, 28 मई को सुबह 5:30 से 7:30 बजे तक प्रतिदिन.प्रथम दिवस प्रशिक्षक योगेश्वर मानिकपूरी ने छात्रों को अपने हाथ को मजबूत करना, कोई अगर हमला कर रहा है कैसे अपने आप को सुरक्षित कर सकते है आत्मसुरक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाले क्यों जरुरी है किन-किन परिस्थियों में कैसे आपने आप को सुरक्षित कर सकते है. इस अवसर पर ईश्वर देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत सुरसुली.विवेक वैष्णव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति खेरथा कॉलेज, माधव साहू (शिक्षक), रामप्रसाद साहू, वोमेंद्र साहू, महेंद्र साहू, संकल्प जन सेवा समिति देवरी के अध्यक्ष भरत देवांगन उपस्तिथ थे.

## बाबा मरस पोटा धाम में श्री शनिदेव जन्मोत्सव की भव्य तैयारी

### जय मां महाकाली /भव्य हनुमान/विशाल नदी महाराज/ कछुआ बना आकर्षण का केंद्र




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम में 27 मई दिन मंगलवार श्री शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारी भव्य रूप की जा रही सुबह से शनि चालीसा का पाठ / अभिषेक एवं महा आरती के बाद चना गुड़ तील का लड्डू एवं खिचड़ी का प्रसाद वितरण भक्तों को किया जाएगा ।

राजनांदगांव शहर से 16 किलो मीटर दूर वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में श्री मद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं नवरात्रि नवदिन भंडारा हनुमान जन्मोत्सव कन्या विवाह आयोजन के बाद श्री शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है पुरे मंदिर प्रांगण को झंडा तोरण से सजाया जा रहा है बाबा मरस पोटा धाम में 21 फीट भव्य हनुमान जी/17 फीट जय मां महाकाली 18 फीट नंदी महाराज 12 ज्योतिलिंग/शनि देव/विशाल कछुआ/गणपति जी मूर्ति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है बढ़ी संख्या में भक्त रोजाना दर्शन करने दुर दुर से आते हैं । बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव/अध्यक्ष दिलीप साहु/ राजकुमार देवांगन/रवि साहु/विकास लिमजा /अनमोल पगारे/नीलकंठ यादव /संजय यादव/ पुरषोत्तम साहु/ साहु/ थरवेतन/चंदा निषाद/अर्जुन/गांधी साहु मुकेश निषाद दिलीप मेश्राम सहित बाबा मरस पोटा धाम समिति के सदस्यों श्री शनिदेव जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित भक्ति मय कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भक्तों से की है।

## प्रवीण सहारे ने बनाया पं. युवराज पाण्डेय जी का एक सुंदर स्केच




**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव के अंचल ग्राम कोकपुर में शिवमहापुराण कथा आयोजित हो रहा है जिसमें आचार्य पं.युवराज पाण्डेय जी का कथा का लोग आनन्द उठा रहे है । प्रवीण ने बताया कि वह अपने प्रिय मित्र तरुण साहू के मार्गदर्शन से इस चित्रकारी प्रतिभा को आगे बढ़ाया है इन्होंने बड़े-बड़े हस्तियों का चित्र बनाया है पं. प्रदीप मिश्रा जी, अनिरुद्धआचार्य जी, पं. धीरेंद्र शास्त्री जी वा साथ ही चित्र बनाने के साथ-साथ बच्चों को ड्राइंग सिखाता है।आज कोकपुर में शिवमहापुराण कथा में पहुंचकर आचार्य पं. युवराज पाण्डेय जी को एक छोटा सा सप्रेम भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रवीण के साथ तरुण साहू व मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे।



## सुशासन तिहार अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम करमतरा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तीसरे व अंतिम चरण में समाधान शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय किसान उच्चतर माध्यमिक शाला करमतरा में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत करमतरा के अलावा ग्राम पंचायत कु भाठागांव, सोनेसरार, मरेठानवागांव, संबलपुर, छुईखदान, मोखली, रूपाकाठी, च टोलागांव, कोटरासरार, जंगलपुर के ग्रामीणों से प्राप्त विभागीय मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी प्राप्त 1 हजार 994 आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओं की गोदभराई की।



जनप्रतिनिधियों ने समाधान शिविर में 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्ण होने पर प्रतीकात्मक रूप से चाबी प्रदान किया गया। इसके साथ ही पात्र 12 हितग्राहियों को नवीन जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को लर्निंग लाइसेंस, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड तथा 4 किसानों को किसान किताब का वितरण किया गया।

समाधान शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदनों के निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकतानुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुष विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने आधार कार्ड बनवाया तथा आधार अपडेशन भी करवाया। इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती रंजीता पटौती, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री मनीष साहू, श्री अरूण चन्द्राकर, श्रीमती सोहद्रा साहू, श्री भूपेन्द्र साहू, श्रीमती पुष्पलता साहू सहित तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत अन्य ग्रामों के सरपंच, पंच, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सुहागिन महिलाओं ने रखी वट सावित्री का व्रत




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूनम कालोनी की महिलाओ ने पति की लंबी उम्र एवं सफ्ल व सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखी वट सावित्री का व्रत । इस दिन महिलाएं विशेष उपवास रखती है फ्रि 16 श्रृंगार से सज धजकर वट के वृक्ष की विधिपूर्वक पूजन करती है वटवृक्ष की परिक्रमा करके उसमें सूत बांधती है तथा अपने पति की लंबी आयु की कामना करती है । सुधा राजपूत, राजेश्वरी राजपूत अंशुमाला राजपूत, विद्या राजपूत एवं अन्य महिलाओं ने पूजा अर्चना कर पति की लंबी उम्र की कामना की।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी

### फर्जी अधिकारी बनकर बनाया आधा दर्जन लोगों को शिकार

### शातिर ठग हुआ गिरफ्तार

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक ने आधा दर्जन लोगों से कई लाखों रुपए की ठगी कर ली आरोपी राजेश साहू खुद को रेलवे का अधिकारी बताता था और अपने शब्द जाल में फंसा कर लोगों को भरोसे में ले लेता था फर्जी नियुक्ति पत्र देकर पैसे भी ऐंठ लेता था पुलिस ने आरोपी की पहचान राजेश साहू के रूप में की है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है मामला कुछ इस प्रकार है की डोंगरगढ़ रेलवे कॉलोनी का निवासी राजेश साहू बड़ी ही चतुराई से स्वयं को रेलवे का अधिकारी बताता था और अपनी ही जाति के लोगों को शब्द जाल के झांसे में लाकर ठग लेता था मामला तब खुला जब जिले सहित अन्य जिले के लोगों ने अपने पैसे वापस मांगने चालू किया और पैसा नहीं देने पर वह उसके घर पहुंच गए और उसे धकियाते हुए डोंगरगढ़ थाने लेकर पहुंच गए पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया तथा थाना लालबाग के अंतर्गत आने के कारण पुलिस ने दलबल के साथ उसे लालबाग थाने भेज दिया बताया जाता है कि राजेश साहू लंबे समय से युवाओं को रेलवे में नौकरी लगने का लालच देकर ठगी कर रहा था खुद को रेलवे का बड़ा अधिकारी बात कर नकली पहचान पत्र और विभिन्न दस्तावेजों का इस्तेमाल करता था पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच की और आरोपी राजेश साहू को थाने के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया गया बताया जाता है कि आरोपी ने कम से कम 6 लोगों से ठगी की थी प्रारंभिक जांच में पांच-छह लोगों के ही नाम आ रहे हैं बाद में यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है यह तो निश्चित है कि आरोपी ने कई लाखों रुपए की ठगी की है पुलिस ने लोगों को आग्रह करते हुए कहा कि लोगों को किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति से नौकरी से संबंधित लेनदेन से बचना चाहिए और हमेशा सरकारी वेबसाइट या आधिकारिक माध्यमों से ही आवेदन करना चाहिए इसी तरह ठगी के मामले कई स्थानों पर सामने आए हैं पुलिस को संदेह की आरोपी अन्य राज्यों में भी सक्रिय गुना से जुड़ा हुआ हो सकता है ताकि संबंधी मामले में नागरिकों से निवेदन किया गया है।

## मेधावी छात्रा प्रियंका सम्मानित हुई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12 वीं बोर्ड परीक्षा में बायोलाजी संकाय में ग्राम बोरी की मेधावी छात्रा कुमारी प्रियंका साहू ने 88.8त्न अंको के साथ उत्तीर्ण कर अपने स्कूल, गांव एव परिवार का नाम रोशन की है। प्रियंका प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है। उनके पिता अशोक कुमार साहू तहसील कार्यालय राजनांदगांव में नोटरी का काम करते हैं एवं उनकी माता गृहणी है। प्रियंका की इस उपलब्धि पर अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव ने एक भव्य मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में सम्मानित किया। जिला पंचायत की उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू,जिला पंचायत सदस्य देव कुमारी साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवंत कुमार साहू, माधव साहू, परदेशी साहू, अनिल साहू, सेवक राम साहू, ओमप्रकाश साहू अंकुर, लखन लाल साहू लहर ने सम्मानित करते हुए प्रियंका को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## आठवीं में कुमारी घटा साहू का सुयश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आई जी एन आई टी इ एमएस स्टेट स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा कुमारी घटा साहू 82.50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्टता हासिल की है। कुमारी घटा साहू शुरू से मेघावी रही है वह नगर के प्रतिष्ठित पत्रकार लखोली निवासी दीपक साहू व दक्ष गृहणी श्रीमती सोम बाई साहू की पुत्री है। कुमारी घटा साहू ने कहा कि सरकार बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ के नारे को बुलंद कर रही है। माता-पिता भी बेटियों पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं तो उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतारने का प्रयास हमें करते रहना है। कुमारी घटा साहू की सफलता पर परिजनों, गुरुजनों सहित समस्त शुभ चिंतको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



## महिला मंच सिन्हा समाज के जिलाध्यक्ष निर्मला सिन्हा सहित पदाधिकारी सम्मानित हुए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय ड़ड़सेना सिन्हा कलार समाज के द्वारा खंड महासभा व नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन अभनपुर में रखा गया था। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व प्रांताअध्यक्ष युवराज सिन्हा की अध्यक्षता में तेखन सिन्हा प्रदेश महामंत्री प्रथम दिवस की बैठक का शुभारंभ कलार समाज के अधिष्ठात्री देवी माता बहादुर कलारीन व भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की छायाचित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों का स्वागत सामाजिक पदाधिकारी ने की. साथ ही साथ श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा महिला मंच जिला जिलाध्यक्ष पूर्व जनपद सदस्य ग्राम पेटेश्री निवासी साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रांताध्यक्ष युवा मंच डागेश्वर सिन्हा,निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर सिन्हा,प्रचार मंत्री योगेश्वर सिन्हा, जिला अध्यक्ष शिव शंकर ड़ड़सेना, महामंत्री गंगाराम सिन्हा कोषाध्यक्ष पूनम चंद सिन्हा,डोगरगढ़ मंडलेश्वर मनोज सिन्हा, डोंगरगांव मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, शहर मंडलेश्वर नाथूराम सिन्हा, ग्रामीण महामंडलेश्वर, एलबी नगर उत्तम सिन्हा, रेवा राम सिन्हा, गोकुल सिन्हा, जयदीप सिन्हा, महिला मंच जिला अध्यक्ष निर्मला सिन्हा, महामंत्री चंद्रा सिन्हा, कोषाध्यक्ष हंसा सिन्हा, हर प्रसाद,देवजीत,ठाकुर राम, मोहित सिन्हा,लोकेश सिन्हा युवा मंच जिलाध्यक्ष, लिलेश सिन्हा, टीकम सिन्हा, दीपक सिन्हा, आलोक, गुलशन सिन्हा, प्रवीण सिन्हा आदि सम्मानित हुए।



## दावा-आपत्ति के निराकरण से असंतुष्ट होने पर कर सकते हैं अपील

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ की प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के पुर्नगठन योजना 2025 के आदेश के पालन में राजनांदगांव जिला अंतर्गत आने वाली प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों के पुर्नगठन के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया था। कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव को जिले में स्थित सहकारी समितियों से प्राप्त आवेदनों व दावा-आपत्तियों का निराकरण संबंधित समिति के समिति प्रबंधकों, संबंधित शाला के प्रबंधकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा दिए गए तथ्यों, तर्कों एवं अभिमत के आधार पर पूर्ण कर लिया गया है। जिसकी सूचना सभी समितियों को प्रेषित कर दिया गया है। यदि किसी समिति के कृषक सदस्यों, जनप्रतिनिधियों को पुर्नगठन संबंधी कोई दावा-आपत्ति के निराकरण से कोई असंतुष्टी है, तो वे 8 जून 2025 तक कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग संभाग दुर्ग बुनकर संघ भवन संतराबाड़ी स्टेशन रोड दुर्ग में अपील कर सकते है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत प्रत्येक 9 एवं 24 तारीख को विशेष शिविरों का किया जा रहा आयोजन

### उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क स्वाथ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार की सुविधा प्रदान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत राजनांदगांव जिले में गर्भवती माताओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 24 मई 2025 को जिले के मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भावस्था की दूसरी और तिमाही में सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क स्वाथ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार की सुविधा प्रदान की गई। जिसमें विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और उनके समुचित उपचार पर जोर दिया गया। जिससे सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि जिले के 14 स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान करना है। इस अभियान के अंतर्गत उन महिलाओं की जांच की जा रही है, जिनका पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन व ऊंचाई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या किसी अन्य गंभीर बीमारी से ग्रसित हो। महिलाओं हेतु सोनोग्राफी सहित अन्य उन्नत जांच सुविधायें उपलब्ध कराई गई, जिससे गर्भवती महिलाओं की नैदानिक स्थिति के अनुसार उचित देखभाल संभव हो सकी। साथ ही प्रत्येक महिला की मेडिकल हिस्ट्री के आधार पर एक व्यक्तिगत जन्म योजना तैयार की गई। जिससे सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल आयोजन के लिए जिले में मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण दल गठित कर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का दौरा किया गया। राज्य स्तरीय टीम द्वारा संयुक्त संचालक डॉ. महेश्वर, श्रीमती कविता चंद्राकार द्वारा जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ एवं छुरिया का निरीक्षण किया गया। सिविल सर्जन डॉ. यू चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आरसीएच डॉ. अल्पना लूनिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी एल तुलावी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री संदीप ताम्रकार साहित खंडचिकित्सा अधिकारी एवं जिला सलाहकारों द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर अभियान की प्रग्रति का जायजा लिया गया एवं आश्यक निर्देश दिए।



# कुमरदा उपकेन्द्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर किया गया ऊर्जीकृत

### इसके क्रियाशील हो जाने से 1150 उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति

**कुमरदा ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत राजनांदगांव जिले के ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसी कड़ी में डोंगरगांव उपसंभाग के ग्राम कुमरदा में विद्यमान 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र में 1.60 एम0व्ही0ए0 के पॉवर ट्रांसफार्मर का क्षमता वृद्धि करते हुए 3.15 एम0व्ही0ए0 का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित कर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री शिरीष सेलट के करकमलों द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त श्री एस. कंवर, कार्यपालन अभियंता, श्री बी.के.उइके, श्री एम.के. साहू, श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता श्री आर0 पी0 ठाकुर, श्री राजेन्द्र साहू, कनिष्ठ अभियंता श्रीमती धनेश्वरी चन्द्रवंशी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री बीरबल उइके ने बताया कि कुमरदा उपकेन्द्र में 1 करोड़ 35 लाख रूपये की लागत से स्थापित अतिरिक्त 3.15 एम0व्ही0ए0 का पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम लाटमेटा, चारभांटा, मोतीपुर, कुलहाड़ी, नादिया एवं घुपसाल के 1150 उपभोक्ताओं को फायदा होगा। अब कुमरदा उपकेन्द्र की क्षमता 6.60 एम0व्ही0ए0 से बढ़कर 8.15 ए0व्ही0ए0 हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से कुमरदा उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा लाभ मिलेगा।



# जिला इकाई का सम्मेलन संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य परिषद के निर्देशानुसार दिनांक 25 मई 2025 को नंदई स्थित पार्टी कार्यालय प्रकाश भवन में भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी जिला इकाई का सम्मेलन राज्य परिषद सदस्य एवं भा.क.पा. जिला - दुर्ग के सचिव विनोद कुमार सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला सचिव श्री प्रभात तिवारी ने की। आरंभ में पार्टी के दिवंगत साथियों एवं पहलगाम हमले में दिवंगतों को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात पार्टी के राज्य परिषद् सदस्य प्रो. थानसिंह वर्मा ने जिले में पार्टी की सदस्यता, सांगठनिक गतिविधियों तथा आय-व्यय की जानकारी दी साथ नये जिले खैरागढ-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर में पार्टी के विस्तार के संबंध में आवश्यक पहल तथा राज्य के पदाधिकारियों के सहयोग की अपेक्षा की। मुख्य अतिथि कामरेड विनोद कुमार सोनी ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों से अवगत कराया तथा युद्ध जनित परिस्थितियों के कारण वैश्विक शांति के प्रति चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखे दुनिया के समस्त लोगों को अपना परिवार का सदस्य मानते थे पर आज हम पास-पड़ोस ही नहीं अपने परिवार के लोगों को दुश्मन मानते है उनसे नफरत करने लगे है। सोवियत संघ के विघटन बाद पूंजीवादी व्यवस्था ने मान लिया था कि दुनिया विकल्पहीन हो गई है और अब वह निर्बाध रूप से साम्राज्यवादी शोषण को बखूबी चला सकते हैं, इसके लिए सैन्य शक्ति और पंजीगत ताकत दोनों का इस्तेमाल शुरू किया वैश्विकरण, आर्थिक उदारीकरण और निजीकरण उसका अस्त्र है। आज पूंजीपति दुनिया के 80 प्रतिशत संपत्ति पर काबिज हैं और दुनिया की दो तिहाई आबादी मात्र 20' गुजर बसर करने के अभिशप्त है। महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, आवास की समस्या दुनिया भर में है। इसलिए हर देश में दुनियां के शोषित - पीड़ितजन पूंजीवादी व्यवस्था के विकल्प की तलाश में संघर्षरत है। भारत की पूंजीवादी व्यवस्था आमजन को उनकी मूल समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए उन्हें धार्मिक मुद्दों पर उलझाये रखी है। संविधान को नष्ट कर धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है। व्यवस्थापिका कार्यपालिका ही नहीं, न्यायपालिका भी उनके निशाने पर हैँ जो संविधान की रक्षा करता है। इसलिए अपने समय में आम जन को रोजी-रोटी, रोजगार की समस्या दूर करने, उनमें परस्पर प्रेम, एकता एवं सदभाव को हर - संभव प्रयास कर बनाये रखने का प्रयत्न आवश्यक है। कार्यालय के अध्यक्ष श्री प्रभात तिवारी ने कहा कि हमारे लिए जनता की सेवा सर्वोपरि है जहां भी, जो भी समस्याए हैं जनता के हित में उसके लिए यथा संभव सहयोग मागदर्शन तथा जरूरत पडने् पर संघर्ष आवश्यक है। सभा को कॉ.विश्राम देवांगन, वीर जी घरडे ने भी संबोधित किया। संचालन तथा आभार प्रदर्शन प्रो. थानसिंह वर्मा ने किया। सम्मेलन में जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया जिसमें कॉ. प्रभात तिवारी सर्वसम्मति से सचिव चुने गये।



## जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिला कार्यालय भवन स्थित (कलेक्टोरेट) कक्ष क्रमांक 11 में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07744-220557 एवं मोबाईल नंबर 9827904189, 8839409627 है। जिस पर कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है। प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु जिला स्तर पर संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी राहत श्रीमती सरस्वती बंजारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के संबंध में दावा आपत्ति 27 मई तक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं के अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों से प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत सत्यापित आवेदनों की अंतरिम सूची प्रकाशित की गई है। प्रकाशित सूची के संबंध में 27 मई 2025 शाम 5 बजे तक दावा आपत्ति कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव में प्रस्तुत की जा सकती है।

## भर्ती के संबंध में अंतिम पात्र-आपात्र एवं वरीयता सूची जारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में पैरा लीगल कार्मिक व वकील, पैरा मेडिकल कार्मिक, कार्यालय सहायक, सुरक्षा गार्ड व नाईट गार्ड एवं सेवा प्रदाताओं के भर्ती के संबंध में प्राप्त दावा-आपत्ति के निराकरण कर अंतिम पात्र-अपात्र एवं वरीयता सूची जारी कर दी गई है। प्रकाशित सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव के सूचना पटल में किया जा सकता है।

## आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 2 पक्का मकान आंशिक व टीन शेड क्षति होने पर 13 हजार रूपए, आग से जलने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, आग से एक मकान आंशिक क्षति होने पर 2500 रूपए, तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूप, नदी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रूपए, तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत सर्पदंश से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रूपए, तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**शुभांक**

**1-5-8**

**148-3 145-0**

**भाग्यांक**

**127-0 990-8**

**नाम परिवर्तन**

मैं सृष्टि गुप्ता पति प्रखर गुप्ता SRISHTI GUPTA W/O PRAKHAR GUPTA है , मेरा पुराना नाम श्रृष्टि गुप्ता पिता श्रीनारायण गुप्ता SHRISHTI GUPTA S/O SHRI-NARAYAN GUPTA था । विवाह पश्चात मैंने अपना नया नाम सृष्टि गुप्ता पति प्रखर गुप्ता SRISHTI GUPTA W/O PRAKHAR GUPTAरख लिया है । भविष्य में मुझे मेरे नए नाम से जाना व पहचाना जाए ।

**SRISHTI GUPTA**
HOUSE NO. 223 RAMADHIN MARG TIRANGA CHOWK RAJ-NANDGAON (C.G) 491441

# शिव यादव तीसरी बार बना तहसील अध्यक्ष

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज संयुक्तजिला- राजनंदगांव ,खैरागढ़- छुईखदान - गंडई, मोहला- मानपुर- चौकी के तहसील- डोंगरगढ़ का एक दिवसीय सामाजिक सम्मेलन,प्रतिभा सम्मान समारोह जी आर अहीर संरक्षक के मुख्य आतिथ्य एवं ज्योतिषरम यादव संयुक्त जिला अध्यक्ष के अध्यक्षता तथा सेवक राम यादव प्रदेश संगठन सचिव व जिला महामंत्री, रमेश यादव संरक्षक के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। भगवान श्री कृष्ण चंद्र की पूजा अर्चना से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथियों का अबीर, चंदन का टीका लगाते हुए गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल उत्तीर्ण प्रतिभावान बच्चे जीवेश यादव 89 प्रतिशत ,कु सुरुचि यादव 88प्रतिशत, कु नंदनी यादव 84 प्रतिशत डोंगरगढ़, रेशमा यादव 82 प्रतिशत शिकारी महका, एवं कु सृष्टि यादव 64 प्रतिशत बायो डोंगरगढ़,कु रानी यादव 63त्न बायो डोंगरगांव का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।जनप्रतिनिधि महेश्वरी रंजीत यादव सरपंच, मानकी अरविंद यादव पंच का भी प्रतीक चिन्ह तथा गुलदस्ता भेंट कर यादव समाज द्वारा सम्मानित किया गया। शिवकुमार यादव तीसरा बार निर्विरोध तहसील डोंगरगढ़ का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी ने बधाई दी।। अतिथिगण शत्रुघन यादव अध्यक्ष छुरिया ,पन्ना यादव अध्यक्ष डोंगरगांव, सत्यदेव यादव अध्यक्ष रुदगांव , संतोष कुमार यादव अध्यक्ष चौकी,अनेस यादव अध्यक्ष कोकपुर- महका, कौशल अहीर, नरसिंग यादव, गुरुदेव यादव, जोतराम यादव उपाध्यक्ष, भुनेश्वर यादव, मुरली यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पन्ना यादव ने किया।इस अवसर पर सुंदर यादव ,नंदू यादव, शंकर यादव उपाध्यक्ष, अनिल यादव अध्यक्ष डोंगरगढ़ ,कन्हैया यादव संगठन सचिव,रोहित यादव उपाध्यक्ष, गुमान यादव ,सुमन यादव, दुखुराम यादव , सुंदर यादव, संतोष यादव, मेघनाथ यादव , लक्की यादव ,अंजोरी यादव, प्रभु यादव, राकेश यादव अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, सियाराम यादव ,डेरहाराम यादव, नाथूराम यादव, बुधारू यादव, श्यामू यादव, काशी यादव, महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती धनेश्वरी यादव श्रीमती शांति यादव, श्रीमती सीमा यादव, श्रीमती कुमकुम यादव, श्रीमती खुशबू यादव ,श्रीमती पुष्पा यादव, श्रीमती पूजा यादव श्रीमती स्वाति यादव, श्रीमती सरिता यादव, श्रीमती रेवती यादव, श्रीमती श्यामा यादव, मीना यादव, कु भूमिका यादव, कुंजवती यादव एवं बड़ी संख्या में यादव बंधु उपस्थित रहे थे।



## आवेदनों की कोई सुनवाई नहीं, समाधान शिविर में प्रमाण पत्र बांट रहे : हनी ग्रेवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सुशासन तिहार के आवेदनों के बंडल एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय के फेरे लगा रहे हैं। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हनी ग्रेवाल ने आरोप लगाया कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी असफलता को छिपाने सुशासन की छवि गढ़ने के लिए जो योजना तैयार की वह नागरिकों की असंतुष्टि और आक्रोश का कारण बन रही है, जहां जनता सीधे जवाब और सीधी कार्रवाई की आशा रखती है, वहां उन्हें आवेदन और उसकी प्रक्रियाओं में उलझाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, 65 प्रतिशत आवेदनों का यह कहकर निराकरण किया गया है कि उसे कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया गया है। अगर, ये सरकार इसे ही समाधान ठहराती है तो ये उसका निकम्मापन है।ग्रेवाल ने दावे के साथ कहा कि, सरकार इस तिहार और समाधान शिविरों की सफलता को लेकर जो बातें कहे रही है वे पूरी तरह बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि, पहले से जारी योजनाओं को इस शिविर में समायोजित कर इसे सफल बताने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को कृषि उपकरण का आबंटन, श्रमिकों को उपकरण, पीएम आवास योजना, मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ, महिला समूहों को संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं पूर्व से संचालित हैं।



**न्यायालय तहसीलदार छुईखदान के न्यायालय में मामला**

क्रमांकः 202503290800042/ विषयः-अ-6. मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन -2024-2025
लक्ष्मणपुर (प ह न. 00013),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- केशव चन्द्राकर, ओंकारेश्वर चन्द्राकर,
अनावेदक पक्षकार - केशरबाई,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशव चन्द्राकर पिता अशोक चन्द्राकर जाति कुर्मी निवासी लक्ष्मणपुर तहसील छुईखदान एवं अन्य 01 के द्वारा ग्राम लक्ष्मणपुर प0ह0नं 13 तहसील छुईखदान स्थित केशरबाई बेवा साधूराम के नाम पर दर्ज भूमि कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.694 हे. भूमि को वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 9/06./2025 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.05.2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार छुईखदान

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202505091100020**

विषयः-ब-121। मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
तेन्दूनाला प.ह.न. 00014 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार-मनराखन लाल, अनावेदक पक्षकार -छ0 ग0 शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनराखन लाल आ0 बिहारीलाल जाति गोड़ निवासी ग्राम तेन्दूनाला पटवारी हल्का नं0 14 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने माता सुकबती की मृत्यु दिनांक 11/02/2008 को ग्राम तेन्दूनाला में होने के कारण अपने माता की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, चालान क्रमांक 661105250013 20, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 29.05.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार डोंगरगांव

## ज्ञान मंथन

*1) भीमा नायक का संबंध किस रियासत से था?*
*2) रामचन्द्रिका किसकी प्रसिद्ध रचना है?*
*3) हाल ही में, कौन सा देश मेनिनजाइटिस के लिए वैक्सीन तैयार करने वाला पहला देश बन गया है?*
*4) साइबर सुरक्षा में एक फ़ायरवॉल का क्या उद्देश्य है?*
*5) हाल ही में, कौन सा भारतीय स्टेडियम नई हाइब्रिड पिच वाला पहला बीसीसीआई मान्यता प्राप्त स्थल बन गया है ?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) विश्व जैव ईंधन दिवस (2) महाराष्ट्र (3) बीजापुर के सुल्तान आदिलशाह (4) विलियम हॉकिन्स (5) नोहा लायल्स

# डोंगरगढ़ शहर का मास्टर प्लान रिवाइज करना अत्यंत आवश्यक : विवेक मोनू भंडारी

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** एमपी शासन में बना था मास्टर प्लान,सालो पीछे चल रहा डोंगरगढ़ का विकास धर्मनगरी के विकास की गति 20 साल पीछे चल रही है। डोंगरगढ़ शहर का मास्टर प्लान बता रहा है कि साल 2000 के बाद शहर के लिए नया मास्टर प्लॉन बन ही नहीं पाया।आज भी डेवलपमेंट के पहले 2011 के मास्टर प्लॉन का अवलोकन किया जाता है और वर्ष 2000 में बने नियमों को ही माना जा रहा है। मास्टर प्लान काफी पुराना होने की वजह से शहर के विकास दर में कमी आई है। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय 20 अक्टूबर 2000 को डोंगरगढ़ शहर के लिए 2011 तक मास्टर प्लॉन तैयार किया गया। इसके ठीक 10 दिन बाद छत्तीसगढ़ राज्य की घोषणा हुई यानी एमपी शासन में बने प्लॉन आज भी चल रहा है। 2011 के बाद दूसरा मास्टर प्लॉन तैयार होना था परंतु ऐसा आज तक नहीं हो पाया। इस हिसाब से कई साल पुराने प्लॉन पर शहर का विकास दर चल रहा है। 1991 के जनगणना को आधार मानकर प्लॉन तैयार किया गया तब शहर में महज 18 वार्ड ही थे। 2011 में थे 18 वार्ड, आबादी थी 60 हजार डोंगरगढ़ शहर की आबादी बढ़ने के साथ नहीं बना नया मास्टर प्लान।

अब शहर की आबादी 80 हजार के पार पर मास्टर प्लान की हकीकत कुछ और डोंगरगढ़ विकास योजना वर्ष 2011 की अनुमानित जनसंख्या 60 हजार को आधार मानकर तैयार की गई थी। लेकिन कई साल बाद शहर की आबादी लगभग 80 हजार पहुंच चुकी है। इसके बाद भी नया प्लान तैयार करने पहल नहीं की जा रही है। पुराने प्लॉन में शहर के सीमा से लगे 11 गांवों को निवेश क्षेत्र माना गया है, जो अब लगभग शहर की आबादी में शामिल होने वाले हैं। डोंगरगढ़ निवेश क्षेत्र के अंतर्गत कुल 50.13 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र शामिल है। इनमें 13.18 वर्ग किमी डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद व 36.96 वर्ग किमी ग्रामीण क्षेत्र शामिल है।



आउटर में रिंग रोड तो प्रस्तावित हुआ परंतु अब उसी जमीन पर बन गए मकान वर्ष 2000 के मास्टर प्लॉन में शहर के आउटर क्षेत्र में रिंग रोड बनना प्रस्तावित किया था। परंतु 20 वर्षों में यह जमीनी स्तर पर उतर ही नहीं पाया। अब तक रिंग रोड के लिए जमीन भी चिन्हांकित नहीं कर पाए। बायपास कन्या स्कूल से प्रस्तावित था परंतु अब उस क्षेत्र में घनी आबादी की बसाहट हो चुकी है। वहीं शहर में ट्रैफिक का दबाव भी काफी बढ़ गया है। 29 साल पहले केवल 60 कार व 50 जीप का सर्वे किया गया था, जो अब हजारों की संख्या में पहुंच चुका है। यदि 2011 में 2021 या 2031 के लिए मास्टर प्लॉन तैयार होता तो विकास की गति भी बढ़नी तय थी। अन्य शहरों के लिए 2031 तक का बन चुका है प्लान नियमानुसार 2011 के बाद डोंगरगढ़ शहर के लिए आगामी 2021 या 2031 तक के लिए नया मास्टर प्लॉन बन जाना था। परंतु इसे कागजों तक ही सिमेटकर रख दिया गया। प्रशासन 2011 के मास्टर प्लॉन को आधार मानकर निर्णय ले रही है। राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगांव जैसे शहरों के लिए 2031 तक का मास्टर प्लॉन बन चुका है। डोंगरगढ़ में नया प्लान बनाने पहल नहीं हुई। अब 24 वार्डों के साथ बढ़ गया शहर का दायरा 1991 के जनगणना के मुताबिक डोंगरगढ़ में 18 वार्ड थे जो अब 24 तक पहुंच गया है। शहर में आबादी बढ़ने के साथ ही शहरी सीमा का दायरा भी बढ़ चुका है और लोग शहर से लगे गांवों में जमीन खरीदकर मकान बना रहे हैं। जिन क्षेत्रों को ग्रीन बेल्ट में शामिल किया गया था वहां पर अब या तो आबादी या इंड्रस्टी खुल गए हैं। मास्टर प्लॉन तैयार करने के लिए भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी ने जल्द ही शासन प्रशासन को पत्र लिखकर इस विषय की मांग रखने की बात कहीं। 2021 की जनगणना में शहर की आबादी 80 हजार के आसपास पहुँच गई है।

डोंगरगढ़ में 2011 का मास्टर प्लॉन लागू किसी भी शहर का मास्टर प्लॉन टाउन एंड कंट्री प्लॉनिंग डिपार्टमेंट तैयार करता है। नया मास्टर प्लॉन के लिए स्थानीय नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रपोजल जाना चाहिए। फिलहाल डोंगरगढ़ में 2011 का मास्टर प्लान ही लागू है।मास्टर प्लान रिवाइज होने से समुदाय विकास के लिए दीर्घकालीन दृष्टि प्रदान होगी यह नगर पालिका के आदेशों के भीतर उचित भूमि का उपयोग कैसे करे इसका निर्धारण करता है।यह सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा और समान्य कल्याण की रक्षा में मदत करता है।

## डोंगरगढ़ विकासखण्ड के उरईडबरी में हुआ समाधान शिविर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सुशासन तिहार 2025 के तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।



इस कड़ी में आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत उरईडबरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 13 ग्राम पंचायत अमलीडीह, भोथली, धनडोंगरी, झण्डातालाब, कोलिहापुरी (नवा), मक्काटोला, मेंढा, मोतीपुर, पटपर, पिनकापार, रामाटोला, टप्पा एवं उरईडबरी से प्राप्त सभी मांगों के आवेदनों का निराकरण किया गया। जनप्रतिनिधियों शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी का जल स्वच्छता के लिए परीक्षण किट प्रदान किया गया। इसके अलावा राशन कार्ड, व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृति आदेश, जॉबकार्ड एवं श्रमकार्ड भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा निराकरण की जानकारी दी गई। सभी विभागीय अधिकारियों ने निराकरणों का वाचन किया।

## इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए सर्वोच्च न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य - चैंबर ऑफ कॉमर्स

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व संरक्षक खूबचंद पारख, जिला अध्यक्ष कमलेश वेद, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी ने इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से प्री-डिपॉज़िट का भुगतान वैध पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। चेंबर के नेताओं ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले में, जिसका देशभर के करदाताओं पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात उच्च न्यायालय के उस निर्णय को बरकरार रखा है, जिसमें अपील दायर करने के लिए अनिवार्य प्री-डिपॉज़िट का भुगतान इनपुट टैक्स क्रेडिट (ढ्ढञ्जष्ट) के माध्यम से करने की अनुमति दी गई थी। यह आदेश त्रस्ञ्ज विभाग और याशो इंडस्ट्रीज के बीच के मामले में आया है। याशो इंडस्ट्रीज विशेष और फाइन केमिकल्स के वैश्विक निर्माता और आपूर्तिकर्ता हैं। पूर्व संरक्षक खूबचंद पारख ने कहा कि इस आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ष्टत्रस्ञ्ज अधिनियम की धारा 107(6) में प्री-डिपॉज़िट भुगतान का तरीका केवल नकद (ष्टड्डह्यद्ध) तक ही सीमित नहीं है। विवाद का केंद्र बिंदु यह था कि क्या ष्टत्रस्ञ्ज अधिनियम की धारा 107(6) के तहत अपील स्वीकार करने के लिए आवश्यक 10त्न प्री-डिपॉज़िट को इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर में उपलब्ध ढ्ढञ्जष्ट के माध्यम से चुकाया जा सकता है या इसे केवल इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर के जरिए नकद में ही जमा करना अनिवार्य है? इस पर स्पष्ट रूप से माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहा है कि यह प्री-डिपॉज़िट ढ्ढञ्जष्ट के माध्यम से भी किया जा सकता है। यह निर्णय निर्यातकों और रूस्रूश्व क्षेत्र के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध होगा।

## आनन- फानन में काऊंसलिंग आदेश से भड़का शिक्षक साझा मंच, किया काउंसलिंग के बहिष्कार की घोषणा, बौखलाए शिक्षक बोले-उग्र प्रदर्शन करेंगे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजधानी के शंकर नगर स्थित राजपत्रित कर्मचारी-अधिकारी कार्यालय में शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में 23 शिक्षक संगठनों के सभी प्रांत अध्यक्ष-प्रतिनिधि उपस्थित थे। साझा मंच के सभी सदस्यों ने मिलकर मंत्रालय घेराव, आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जिलों में 27 तारीख को युक्तियुक्तकरण के तहत काऊंसलिंग का जो आदेश जारी हुआ है, उसका बहिष्कार किया जाएगा। किसी भी जिले में कोई भी शिक्षक काऊंसलिंग की प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे तथा सभी शिक्षक 28 मई को मंत्रालय घेराव के लिए धरना स्थल तूता रायपुर पहुंचेंगे। 28 मई को सुबह 10 बजे से धरना स्थल तूता में धरना प्रदर्शन प्रारंभ होगा, जो दोपहर 2 बजे तक चलेगा। ठीक 2 बजे मंत्रालय घेराव के लिए सारे शिक्षक धरना स्थल तूता से मंत्रालय घेराव के लिए कूच करेंगे। यह बात उल्लेखनीय है कि युक्तियुक्तकरण में काऊंसलिंग के लिए कुछ जिलों के अधिकारियों ने आनन-फानन में 27 तारीख को काऊंसलिंग का आदेश निकाल दिया है, जिसका पता चलते ही छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच ने कड़ी आलोचना करते हुए उक्त काऊंसलिंग का संपूर्ण बहिष्कार का निर्णय लिया है तथा काऊंसलिंग में जिन शिक्षकों का नाम है, उन शिक्षकों से साझा मंच की ओर से अपील जारी करते हुए कहा गया है कि प्रदेश के किसी भी जिले का कोई भी शिक्षक काऊंसलिंग की प्रक्रिया में भाग ना ले, बल्कि काऊंसलिंग का खुला विरोध करें और सभी शिक्षक सीधे 28 मई को मंत्रालय घेराव हेतु राजधानी के धरना स्थल तूता पहुंचे।



## खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जिला अस्पताल कैंटीन का किया औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन की खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित कैंटीन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैंटीन के रसोई घर भंडारण एवं स्टाफ रूम सहित अन्य कक्षों की जांच की गई। कैंटीन संचालक को भंडारण कक्ष में रखे खाद्य सामानों को क्लोज लीड के कंटेनर में रखने कहा गया। साथ ही रसोई कक्ष में नियमित साफ-सफाई, प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने तथा खिड़कियों पर जाली लगाने के निर्देश दिए गए। कैंटीन क्षेत्र में आवश्यक लेबल लगाने से लेकर कार्यरत कर्मियों के पर्सनल हायजीन को परखा गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव द्वारा निरीक्षण के दौरान ही भर्ती मरीजों को परोसे जाने को तैयार ट्रॉली से मटर पनीर, आलू केला, दाल-चावल सहित अन्य खाद्य नमूने को गुणवत्ता जांच हेतु जप्त किया गया। साथ ही महिला-पुरूष वार्ड में भर्ती मरीजों व परिजनों से भोजन व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली गई।

## जंगलूराम के लिए समाधान शिविर बना मददगार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर करमतरा में राजस्व रिकार्ड दुरस्तीकरण करते हुए किसान किताब की द्वितीय प्रति मिलने पर ग्राम भोथली निवासी श्री जंगलूराम निषाद ने खुशी जाहिर की। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम करमतरा में आयोजित समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में पहुंचे ग्राम भोथली निवासी श्री जंगलूराम निषाद ने बताया कि उनका पहले जो किसान किताब था, वह बहुत पुराना होने के कारण उसे उपयोग में नहीं ला पा रहे थे, जिससे बहुत कठिनायों का सामना करना पड़ रहा था। नया किसान किताब बनाने के लिए काफी समय से सोच रहे थे, लेकिन नहीं बनवा पा रहे थे। श्री जंगलूराम ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर की जानकारी गांव में मुनादी द्वारा मिलने पर उन्होंने शिविर में आकर आवेदन किया और आज ही उन्हें नि:शुल्क नया किसान किताब मिल गया। नया किसान किताब बनाने के लिए किसी प्रकार की राशि नहीं लगी और समय की बहुत बचत हो गई। श्री जंगलूराम ने कहा कि समाधान शिविर बहुत ही मददगार साबित हुआ है। उन्होंने समाधान शिविर आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री जंगलूराम ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर सभी ग्रामीणों के लिए बहुत अच्छा है।



# कलेक्टर ने खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की ली संयुक्त बैठक

### डीएपी की कमी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अन्य उर्वरकों का उपयोग करने के लिए किसानों हेतु परामर्श जारी करने कहा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में कृषि विभाग, डीएमओ एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि खेती-किसानी को ध्यान में रखते हुए किसानों के लिए खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। डीएपी की कमी को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अन्य उर्वरकों का उपयोग करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से चौपाल लगाकर उर्वरक के संबंध में किसानों को जानकारी प्रदान करें। उन्होंने ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए जहां खाद एवं बीज का भण्डारण नहीं हो पाया है। कलेक्टर ने भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की सहभागिता से 29 मई से 12 जून 2025 तक खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लाभान्वित करना है। इस अभियान के अंतर्गत खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों को जागरूक करना, विभिन्न कृषकोन्मुखी शासकीय योजनाओं एवं नीतियों के संबंध में प्रचार-प्रसार करना, मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसा के आधार पर उर्वरक तथा सूक्ष्म तत्वों की आवश्यक मात्रा के निर्धारण के लिए कृषकों को जागरूक करते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कृषि विभाग को इसके लिए व्यापक तौर पर तैयारी करने के निर्देश दिए। विकसित कृषि संकल्प अभियान के क्रियान्वयन के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन विभागों के मैदानी अमला कार्य करेंगे। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके के लिए 20:20:0:13 तथा एसएसपी के लिए 12:32:16 का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि एसएसपी के तीन बैग के साथ 20 किलोग्राम यूरिया का उपयोग करने पर डीएपी की आपूर्ति हो पाएंगी। इस अवसर पर जिला विपणन अधिकारी सुश्री हीना खान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## धर्म समाचार....

## 8 जून तक इन राशियों पर रहेगी सूर्य देव की विशेष कृपा, नौकरी में बन रहे प्रमोशन के योग




ज्योतिषियों की मानें तो रविवार के दिन सूर्यदेव की पूजा करने से आत्मा के कारक प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से साधक को जीवन में समय के साथ सफलता मिलती है। ज्योतिष भी करियर में सफलता पाने के लिए रोजाना सूर्य देव को जल अर्पित करने की सलाह देते हैं। रविवार का दिन आत्मा के कारक सूर्य देव को समर्पित होता है। इस दिन सूर्य देव की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही सूर्य देव से संबंधित चीजों का दान किया जाता है। सूर्य देव की पूजा करने से मानसिक एवं शारीरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है। साथ ही करियर और कारोबार संबंधी परेशानी दूर हो जाती है। ज्योतिषियों की मानें तो आत्मा के कारक सूर्य देव ने 25 मई को नक्षत्र परिवर्तन किया है। इससे राशि चक्र की सभी राशियों पर प्रभाव पड़ सकता है। इनमें दो राशि के जातक सबसे अधिक लाभान्वित हो सकते हैं। इन राशियों को जॉब की परेशानी दूर हो सकती है। साथ ही जॉब में प्रमोशन के भी योग बन रहे हैं। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं- ज्योतिषियों की मानें तो सूर्य देव ने 25 मई को नक्षत्र परिवर्तन किया है। इससे पहले सूर्य देव कृत्तिका नक्षत्र में विराजमान थे। अब सूर्य देव कृत्तिका नक्षत्र से निकलकर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं। इस नक्षत्र में सूर्य देव 07 जून तक रहेंगे। इसके अगले दिन सूर्य देव नक्षत्र परिवर्तन करेंगे।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों पर सूर्य देव की विशेष कृपा रहती है। सूर्य देव की कृपा से मेष राशि वाले करियर और कारोबार में उत्तम करते हैं। वर्तमान समय में सूर्य की स्थिति से आपको धन लाभ हो सकता है। धन संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। हालांकि, परिवार में किसी सदस्य (माता-पिता) की तबीयत खराब हो सकती है। इसके लिए माता-पिता की सेहत का ख्याल रखें। ईश्वर पर भरोसा रख जीवन में आगे बढ़ें। उनकी कृपा आप पर बरसेगी। जल्दबाजी में कोई फैसला न लें। जॉब संबंधी परेशानी दूर होगी। जॉब चेंज करने की सोच रहे हैं, तो घर के बड़े-वृद्ध से अवश्य सलाह लें। रोजाना सूर्य देव को जल अर्पित करें। वहीं, मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करें। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करें।

**वृषभ राशि-** सूर्य देव की कृपा से वृषभ राशि वालों को लाभ मिल सकता है। इस दौरान आपके भाई और बहन को करियर और कारोबार में विशेष फायदा होगा। आपके पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परिवार वालों के साथ धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बच्चों की शिक्षा के लिए आप कोई अहम फैसला ले सकते हैं। सरकारी तंत्र में आपको सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी की तलाश में लगे जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है। हालांकि, आपको अपने गुस्से पर कंट्रोल रखना होगा। रविवार के दिन अन्न का दान करें। आप चावल, दाल, आटा, गेहूं आदि चीजों का दान कर सकते हैं।

### आषाढ़ महीने में कब है मासिक कृष्ण जन्माष्टमी? यहां जानें शुभ मुहूर्त एवं योग

सनातन शास्त्रों में जग के नाथ भगवान कृष्ण को लीलाधारी भी कहा जाता है। अपनी लीला से भगवान कृष्ण भक्तों की न केवल परीक्षा लेते हैं बल्कि दुख भी दूर करते हैं। भगवान कृष्ण के शरणागत रहने वाले साधकों को जीवन में किसी चीज का अभाव नहीं होता है। सनातन धर्म में आषाढ़ महीने का खास महत्व है। इस महीने में कई प्रमुख व्रत-त्योहार मनाए जाते हैं। देवशयनी एकादशी आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन मनाई जाती है। इस शुभ अवसर पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु क्षीर सागर में विश्राम करने चले जाते हैं। इससे पूर्व कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मासिक जन्माष्टमी मनाई जाती है। यह पर्व हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान कृष्ण और राधा रानी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही मनचाहा वरदान पाने के लिए साधक द्वारा व्रत रखा जाता है। इस व्रत के पुण्य-प्रताप से साधक को सभी प्रकार के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। आइए, मासिक कृष्ण जन्माष्टमी की सही डेट, शुभ मुहूर्त एवं योग जानते हैं।




- वैदिक पंचांग के अनुसार, 18 जून को आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि दोपहर 01 बजकर 34 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 19 जून को तकरीबन 11 बजकर 55 मिनट पर अष्टमी तिथि समाप्त होगी। अष्टमी तिथि पर निशा काल में भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है। इसके लिए 18 जून को मासिक कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी।

**मासिक कृष्ण जन्माष्टमी शुभ योग-** ज्योतिषियों की मानें तो मासिक कृष्ण जन्माष्टमी पर दुर्लभ प्रीति और आयुष्मान योग का संयोग बन रहा है। प्रीति योग का संयोग सुबह 07 बजकर 40 मिनट तक है। इसके बाद आयुष्मान का संयोग है। इसके साथ ही दोपहर 01 बजकर 34 मिनट से शिववास योग का संयोग है। इन योग में भगवान कृष्ण और राधा रानी की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# समाधान शिविर में उमड़ी महतारी वंदन, आवास पट्टा एवं भूमिहीन कृषि योजना का लाभ लेने उमड़ी महिलाओ की भीड़

## सुशासन तिहार के समाधान शिविर में नगर अध्यक्ष ने सत्ता पक्ष के नेताओ से विकास के लिए नगर की समस्याओ के निकरारण कराने की मांग उठाई



**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित नगरीय निकाय क्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में मलभूत समस्याओ व शिकायतो से जुडे तीन सौ से अधिक समस्याओ का निराकरण किया गया। शिविर में दिन भर महतारी वंदन योजना व भूमीहीन कृषक न्याय योजना व पीएम आवास योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओ की भीड उमडी रही।

छग सरकार का विशेष अभियान सुषासन तिहार योजना अंतर्गत नगर पंचायत अंबागढ चौकी का तीसरा समाधान शिविर पीमएश्री आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम शाला में आयोजित किया गया। पहले समाधान शिविर के लिए टाउन हाल का चयन किया गया था। लेकिन मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के अंतर्गत नगर में आयोजित सामूहिक विवाह के लिए टाउन हाल को महिला बाल विकास विभाग को सौप दिया गया। जिससे समाधान शिविर पीएम श्री शाला में सम्पन्न हुआ। अचानक शिविर स्थल में परिवर्तन किए जाने से शिविर स्थल में अव्यवस्था की स्थिती बनी रही। बैठक व्यवस्थ को लेकर स्थानीय नागरिक खासे परेशान रहे। जबकि शिविर स्थल में विभागो का स्टाल लगाए जाने को लेकर भी अधिकारी कर्मचारियो को परेशान होते देखा गया। नगरीय निकाय क्षेत्र के लिए आयोजित किए गए इस शिविर के प्रभारी सीएमओ विजय पांडेय ने बताया की शिविर मे कुल 309 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से 308 आवेदनो का तत्काल मौके में निराकरण किया गया। शिविर में सबसे अधिक 138 आवेदन राजस्व विभाग एवं नगरीय निकाय को 121 आवेदन को प्राप्त हुए जिसमे सारे आवेदनो का निराकरण राजस्व विभाग द्वारा मौके पर किय गया। शिविर में खाद्य व छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी को एक एक दर्जन आवेदन मिले। जिसका शिविर स्थल में ही निरकारण किया गया। इसके अलावा अन्य विभागो के स्टाल में आवेदनो की संख्या दो अंको तक नही पहुच पाई। शिविर में अधिकांश विभाग का खाता ही नही खुल पाया। प्रात: दस बजे से प्रारंभ समाधान शिविर दोपहर तीन बजे तक पीएम श्री शाला में जारी रहा। इस दौरान शिविर के माध्यम से नगर के सैकडो नागरिक लाभान्वितत हुए। शिविर में नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, सभापति विनोद डेहरिया, ईश्वरी ध्रुवे, उमा शंकर निषाद, किशुन पटेल, पार्षद गोपीचंदा देवागन, उषा यादव, मुकेश सिन्हा, दिलीप कुंभकार, कविता यादव, काशी निषाद सहित विभीन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**महतारी वंदन, भूमीहिन कृषक व पटटा के लिए उमडी भीड़**

नगरीय निकाय में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में आज पुरे दिन छग शासन द्वारा महिलाओ के आर्थिक विकास के लिए शुरू किए गए महतारी वंदन योजना एवं भूमीहीन कृषक सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओ की भीड उमडी रही। समाधान शिविर में पहुची माताए एवं बहनो की शिकायत थी की हम कई कई बार महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन भरा है लेकिन उन्हे योजना का लाभ नही मिल रहा है। कुछ महिलाए ऐसी भी मिली जिनका कहना था की उन्हे एक दो बार राशि तो मिली लेकिन उन्हे फिर राशि मिलना बंद हो गया है। महतारी वंदन के अलावा भूमीहिन कृषक सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए काफी आवेदन सौपे गए। इस योजना को लेकर भी महिलाओ का कहना था की उनके पास एक डिसमील जमीन नही है, लेकिन उन्हे योजना का लाभ नही मिल रहा है। इसी तरह निकाय के विभीन्न वार्डो में शासकीय जमीन में कब्जा का निकवास करने वाले लोगो ने पट्टे की मांग के लिए आवेदन सौपे। राजस्व विभाग को दिए गए सौ से अधिक आवेदन पटटे से जुडे हुए थे। षिविर में पात्र हिताग्राहियो को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, तथा पोषण आहार का किट वितरण किया गया।

**शासन की योजनाए व उपलब्धी गिनाई**

समाधान शिविर में अतिथि के रूप में आए सत्ता पक्ष से जुडे नेताओ व भाजपा के पदाधिकारियाो ने छग की विष्णु देव साय सरकार व केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओ को सामने रखते हुए साय सरकार की डेढ वर्ष की उपलब्धियो को सामने रखा। जिला महामंत्री श्री वर्मा व मंडल अध्यक्ष श्री द्विवेदी तथा उपाध्यक्ष श्री गुप्ता ने केन्द्र व राज्य की हितकारी योजनाओ का लाभ उठाने का आहवान किया। शिविर में जिला भाजपा महामंत्री दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, आदिल हमीद खान, देवनारायण कुंभकार, राजू खंडेलवाल, संजय लाटा, गया प्रसाद साहू , मोहसीन खान सहित बडी संख्या में भाजपा के ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



**नगर अध्यक्ष ने शिविर में बताई नगर की समस्याएं**

नगर पंचायत अंबागढ चौकी के निर्दलीय अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी भी सुशासन तिहार के समाधान शिविर में अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। उन्होने कहा की, वे नगर विकास एवं नागरिको की मूलभूत समस्याओ के निराकरण की मांग को लेकर आज इस मंच एवं शिविर में शामिल हुए है।

उन्होने कहा की वे जिला के प्रशासनीक प्रमुख कलेक्टर से चर्चा करने और नगर से जुडी समस्याओ का निकरारण के लिए पहुचे हुए है। लेकिन शिविर में नगर अध्यक्ष ने सत्ता से जुडे नेताओ के समक्ष पेयजल, राजस्व, डायवर्सन से जुड़ी समस्याओ के निदान के लिए शासन से पहल करने की मांग की। तथा नगर अध्यक्ष ने महतारी वंदन व भूमीहिन कृषि सम्मान योजना का फार्म भर कर भटक रही नगर की माताओ व अहनो को योजना का लाभ दिलाने की अपील की।

## जल संरक्षण के लिए चल रहे अभियान जन आंदोलन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जल संरक्षण के लिए चल रहे अभियान जन आंदोलन का रूप लेते दिख रहा है, लोग को यही समझाने की कोशिश अतिथि द्वारा की जा रही है कि आज हम पानी




की समस्या के कारण मनपसंद का फसल की खेती नही कर पा रहे है, हमें दूर दूर तक जा के पानी लाना पड़ रहा है, पर्यावरण का दोहन करने के कारण तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है, आने वाले समय में पानी की विकराल रूप लेगी, तापमान और बढ़ेगी, लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाएगा ऐसे परिस्थिति न आए इसके लिए नारी शक्ति हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा अभियान चलाई जा रही है , आज सोमवार को ठाकुरटोला, ठेकवा, मनकी में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, जिलापंचायत सदस्य देव कुमारी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर,जानिया साहू, सरपंच उर्वशी साहू, अनामिका यादव, सरस्वती साहू क्षेत्रीय समन्वयक, दीप्ति साहू, पीआरपी रेणु मंडावी, बिहान कैडर हेमा साहू, प्रतिभा चंदेल उपस्थित हुए, फूलबासन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आज जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने निकले है, हम देख पा रहे आज जल की समस्या बढ़ रहे इसके बाद भी उचित कदम नहीं उठा पा रहे, पर्यावरण की समस्या है दिनों दिन तापमान बढ़ रहे, हम पौधा तो लगा रहे है लेकिन बचाने की लिए गंभीर नहीं है अब हम सब को संकल्पित होना पड़ेगा, शिव कुमार देवांगन ने पौधा लगाकर बचाने जोर देते कहा कि सभी के सहयोग से पौधा लगाकर बचाने अभियान चल रहा है जो पौधा लगाने इच्छुक है उसी के यहां केशर आम के पौधे कम दरों में उपलब्ध कराई जाएगी साथ ही देशी आम का ग्राफ्टिंग हरियाली बाहिनी द्वारा की जाएगी

## पुलिस के रहते कोई अपराध नहीं पनप सकता- प्रसन्ना राणा प्रधान आरक्षक

**डोंगरगढ़ के अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर.**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** धर्मनगरी कहे जाने वाले तीर्थस्थल में पैसों के लालच में अपराध करने से जुवां सट्टा से लेकर नशे के कारोबार करने वालों पर पुलिस ने शिकन्जा कसते हुए कार्यवाही की जा रही है जिससे डोंगरगढ़ में अपराध करने वाले बदमाशो में हड़कंप मचा हुआ है. बताया जाता है कि जनवरी माह से कुल 07 पुलिसकर्मी का ट्रांसफर हो चुका है परंतु इनका डोंगरगढ़ से मोह ही भंग नहीं हो रहा है और थाने से भी रिलीफना मिलना कारण बताया गया.



**नई टीम के साथ होगा धर्मनगरी की आपराधिक गतिविधियों का खात्मा.**

पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि जिस प्रकार धर्मनगरी क्षेत्र में माह भर में 03 मर्डर व दर्जनों से कम दिनदहाड़े लूट के मामले आने के बाद पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने वाले और केन्द्र सरकार की योजना के तहत खरबो रु खर्च कर सभी धर्म के प्रतिक डोंगरगढ़ में अपराधिक घटनाओं के रोकथाम व कार्यवाही के लिए थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में स्पेशल टीम बनाई गई है जो शहर के लोगों की शिकायत तत्काल जुवां, सट्टा, गान्जा, अवैध दारू के माफ़ियाओं के कार्य पर अंकुश लगाते हुए कार्यवाही कर उन वार्डवासियो, पार्षद, नपाध्यक्ष सहित वार्ड के गणमान्य नागरिकों का वीडियो बयान लेकर अपराध पर रोक लगा सके. अगर जनता की शिकायत मिलती है तो इन अपराधों में शामिल अपराधियों को नहीं बक्शा जायेगा चाहे वह कोई भी ऊँची राजनीतिक पहुँच लगा लें.

**पुलिस पर विश्वास करें.**

पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि डोंगरगढ़ में बाहर से आने वाले मुसाफिर सहित नकली शराब, महादेव सट्टा एप, म्यूचल बैंक एकाउंट सहित नशे की गोलियों के सौदागरों पर पुलिस की पैनी नजर है और कोई भी अपराधी पुलिस की नजर से नहीं बच सकता. धर्मनगरी के लोगों से अपील की गई है कि अपने आसपास होने वाले आपराधिक गतिविधियों की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर पर 07744286622 व 9479192111 थाना प्रभारी को सूचना देकर सामाजिक बुराई को मिटाने में अहम योगदान दें.

## स्टेट बैंक के ग्राहक सुविधा केन्द्र से 30 हजार नगदी सहित लैपटाप की चोरी

**सीसीटीवी में कैद हुआ चोर.**

**मामला- ग्राम पंचायत मुरमुंदा का**

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद क्षेत्र के बड़े ग्राम पंचायत मुरमुंदा के शासकीय स्टेट बैंक के ग्राहक सुविधा केन्द्र से अज्ञात चोरों के द्वारा नगदी 30 हजार सहित कार्य में प्रयोग लाने जाने वाले लैपटॉप की चोरी का मामला प्रकाश में आते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोग कहने मजबूर हो गए कि जब बैंक के संस्थान ही सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों के घरों की क्या सुरक्षा होगी जो पुलिस की गस्ती पेट्रोलिग पार्टी के ऊपर सवाल खड़े करते नजर आ रही है. वही पुलिस से प्राप्त जानकारी में बताया जाता है कि प्रार्थी संतोष साहू पिता पन्नालाल उम्र 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम मुरमुंदा स्टेट बैंक के सामने स्वयं का स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र का संचालन करता हूं और 15 मई 2025 को शाम लगभग 05 बजे मैं अपने ग्राहक सेवा केन्द्र को बंद कर घर चला गया था व 19 मई 2025 को सुबह लगभग 9.30 बजे ग्राहक सेवा केन्द्र मुरमुंदा आकर देखा तो ग्राहक सेवा केन्द्र में रखे ष्ठश्वरुरु कंपनी का लेपटाप पुराना कीमती 10 हजार रूपये एवं ड्राज में रखे नगदी रकम 30 हजार रूपये को कोई अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले गया है के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हूं। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध बीएनएस 305, बीएनएस 331(4) के तहत मामला विवेचना में लेकर पतासाजी में लिया गया है. वही प्रार्थी संतोष साहू निवासी ग्राम नागरकोहरा पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया ने बताया कि 17 मई दिन शनिवार को लगभग शाम 5.00 बजे अपने ग्राहक सेवा केन्द्र को बंद कर घर चला गया था और अगले दिन रविवार होने से दुकान बंद था और 19 मई सोमवार को सुबह घर से ग्राहक सेवा केन्द्र मुरमुंदा आकर देखा तो वेंटीलेशन में रस्सी लटका हुआ था । वेंटीलेशन टुटा हुआ था व आने के बाद ग्राहक सेवा केन्द्र ग्राहक सेवा केन्द्र में लगे सीसीटीव्ही कैमरा का फुटेज देखने पर एक अज्ञात व्यक्ति मुंह को कपड़ा से बांधा हुआ लगभग 19 मई 2025 के रात्रि 2.30 बजे ग्राहक सेवा केन्द्र का वेंटीलेशन को तोड़कर अंदर घुंसकर ष्ठश्वरुरु कंपनी का लेपटाप पुराना कीमती 10,000 रूपये एवं ड्राज में रखे नगदी रकम 30,000 रूपये को चोरी कर दिख रहा है।

आवश्यक सूचना

यहां 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवक-युवति को उनके अपने काम या पढ़ाई के साथ जरूरत से ज्यादा इनकम बनाना सीखाया जाता है



फ्री एडमिशन
ओपन फॉर ऑल
-: संपर्क करें :-
इंजीनियर पी एल सुलाखे हरि ऊँ नगर
राजनांदगांव, मो. 9425554092

# एक दर्जन से भरी मवेशी पिकअप पकड़ाई

## थाना अंबागढ़ चौकी पुलिस की मवेशी तस्करो पर बड़ी कार्यवाही






**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** पशुओ को कत्ल खाना ले जाने वाले तस्करो के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर ग्रामीणो को इस संबंध में जागरूक किया गया था, इसी दौरान हाथीकन्हार रोड पर मवेशी से भरी पिकअप को को धर दबोचा गया।

थाना प्रभारी से मिली जानकारी 12 नग मवेशी कीमती 1 लाख 20 हजार रुपए एवं पिकप वाहन कीमती 8 लाख को जप्त किया गया, किया गया जप्त किया गया, दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, पुलिस अधीक्षक वाय पी सिंह( भापुसे ) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अम्बागढ चौकी ताजेश्वर दीवान के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर स्टाफके क्षेत्र में हो रहे ग्रामीणो को पशुओ को कत्ल खाना ले जाने वाले तस्करो के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर ग्रामीणो को इस संबंध में जागरूक किया गया था, जिसके तहत् अपना ढ़ाबा के पास ग्राम हाथीकन्हार मेन रोड में हमराह स्टाफ के कार्यवाही करते हुए मवेशियो को कत्ल खाना महाराष्ट्र की ओर ले जाते हुए 12 नग गाय, बैल एवं बछड़ा एवं बछिया को आरोपियों के द्वारा निर्दयता पूर्वक बिना चारा-पानी के ठूस-ठूस कर पिकप वाहन में भरकर महाराष्ट्र कत्लखाना की ओर ले जा रहे थे, जिसे रंगे हाथ पकड़कर 12 नग मवेशियो के साथ आरोपी सम्राट गौतम कुमार आतरे पिता गौतम कुमार उम्र 37 साल निवासी ग्राम धोबीसरार थाना देवरी जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) तथा ईतवारी राम साहू पिता स्व. जेठू राम साहू उम्र 59 साल निवासी ग्राम जादूटोला थाना अं. चौकी जिला मोहला मानपुर अं. चौकी के कब्जे से जप्त कर गिरफ्तार कर आरोपियो का कृत्य अपराध धारा 4,6,10 छ.ग.कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004, धारा 11 (1)घ पशु कुरता अधिनियम एवं मोटरयान अधिनियम के तहत अपराध कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया एवं जप्त मवेशियों को गौशाला भेजा गया।

* चमत्कारिक वेब अवसर *

www.miraclephal.co.in

प्रस्तुतकर्ता : Er. P. L. Sulakhe (Coach {ÆॐŒ})

रोज रू. 50.00 खाओ, रू.05 हजार मासिक से शुरू कर रू. 05हजार प्रतिदिन पाने का अवसर है... सिर्फ 30 मिनट प्रतिदिन, 9 माह + 13 दिन की वेब दीक्षा उपरांत :

वेब प्रवेश निःशुल्क प्रारंभ!

प्रकृति सिद्धांत पर आधारित

संपर्क करें:- 09425554092, 09644677750

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com